कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 22.03.2023

//प्रेस विज्ञप्ति//

# गर्ल्स कॉलेज में नेट–सेट परीक्षा पर कार्यशाला आयोजित

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कॅरियर प्लेसमेन्ट सेल के तत्वाधान में नेट एवं सेट परीक्षाओं की तैयारी के संदर्भ में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

स्नातकोत्तर कक्षाओं की छात्राओं के लिये आयोजित कार्यशाला के प्रथम दिन कला संकाय के विद्यार्थियों को विषय–विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता श्री गणेश राम नायक ने नेट परीक्षा की प्रारंभिक जानकारी विस्तार से देते हुये बताया कि हम इस परीक्षा के लिए अपने को कैसे तैयार करें। पाठ्यक्रम की चर्चा करते हुए उसके विभिन्न खण्डों से पूछे जाने वाले प्रश्नों तथा उत्तर के चयन पर भी प्रकाश डाला।

कार्यशाला के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए नेट और सेट परीक्षा में शामिल होने का अच्छा अवसर मिलता है। इसकी जानकारी के अभाव में अधिकांश होनहार विद्यार्थी शामिल नहीं होते है। उच्च शिक्षा में रोजगार के अवसर ज्यादा मिल रहे हैं अतएव सही ढंग से परीक्षा की तैयारी कर सफलता प्राप्त की जा सकती है।

कार्यक्रम का संचालन आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया और आभार प्रदर्शन डॉ. सुनिता गुप्ता ने किया।

कार्यशाला के अगले दिनों में विज्ञान और वाणिज्य के विद्यार्थियों को विशेषज्ञ मार्गदर्शन देंगे।

**समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।**

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

//प्रेस विज्ञप्ति//

# गर्ल्स कॉलेज में
# नेट–सेट परीक्षा पर कार्यशाला आयोजित






कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: https://govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 19.05.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में कैम्पस इंटरव्यू

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्लेसमेन्ट सेल के तत्वाधान में पात्रा कंपनी लिमिटेड द्वारा ''एक्जीक्यूटिव ट्रेनीज़'' के लिए कैम्पस चयन का आयोजन किया गया। विशेषतः छात्राओं के लिए इस कैम्पस इंटरव्यू में पात्रा कंपनी की ओर से मैनेजर विकास नाथ त्रिपाठी की टीम ने सारी प्रक्रियाएँ सफलतापूर्वक सम्पन्न कराई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 डी0सी0 अग्रवाल ने छात्राओं को शुभकामनायें दी।

प्लेसमेन्ट सेल की प्रभारी डॉ. सुषमा यादव ने बताया कि पात्रा कंपनी लिमिटेड की भारत एवं विदेशों में शाखाएँ है। प्रदेश में रायपुर तथा शीघ्र भिलाई में प्रस्तावित शाखा के लिए साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जा रहा है। स्नातक उत्तीर्ण एवं स्नातकोत्तर की छात्रायें इसमें 300 छात्राओं ने अपना पंजीयन कराया एवं अगले चरण में कुल 98 छात्राओं ने साक्षात्कार दिया।

पात्रा कंपनी के एच.आर. विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों की कम्प्यूटर दक्षता की भी परीक्षा ली। कैम्पस इन्टरव्यू में छात्राओं ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। कंपनी द्वारा अंतिम रूप से चयनित प्रतिभागियों को सूचना शीघ्र दे दी जायेगी।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुषमा यादव एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अनुजा चौहान ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)








कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 05.06.2023

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज में

# विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम 'पर्यावरण नीति' का विमोचन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न आयोजन किए गए। महाविद्यालय की 'पर्यावरण नीति' का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। मुख्य कार्यक्रम में पर्यावरण विशेषज्ञ श्री संजय मिश्रा ने कहा कि इस वर्ष का पर्यावरण दिवस प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण के लिए समर्पित है। समस्या के साथ उसका समाधान भी आवश्यक है तभी हम विश्व को प्रदूषण से मुक्त करा सकेंगे। उन्होंने विभिन्न आंकड़ों के माध्यम से प्रदूषण की विकराल स्थिति को बताया। विभिन्न देशों में इसके लिए किए जा रहे प्रयासों की भी उन्होंने चर्चा की, कहा कि हमारा देश भी इस दिशा में सतत् प्रयासरत् है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशीलचन्द्र तिवारी ने महाविद्यालय में पर्यावरण नीति के अनुरूप योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, ग्रीन आर्मी तथा एक्वा क्लब को सत्र भर नियमित रूप से पेड़ पौधे की सुरक्षा, प्लास्टिक कचरे का निष्पादन और जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने का आव्हान किया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ0 ऋचा ठाकुर ने बताया कि इस अवसर पर रसायनशास्त्र की प्राध्यापक डॉ0 यास्मीन फातीमा परवेज ने पावर प्वाईंट के माध्यम से पर्यावरण से संबंधित अपनी प्रस्तुति दी।

कु0 पूजा चेलक ने कविता प्रस्तुत कर पर्यावरण का संदेश दिया। इस दिवस के अवसर पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्राऐं उपस्थित थीं। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने परिसर की साफ–सफाई की तथा पौधे लगाए। अंत में आभार प्रदर्शन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव, सहायक प्राध्यापक, हिन्दी ने किया।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)


विद्या सर्वस्य भूषणम्
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
महाविद्यालय



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 11.07.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में क्रीड़ा विभाग द्वारा कॅरियर गाईडेंस कार्यक्रम

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रीड़ा विभाग द्वारा कॅरियर गाईडेंस कार्यक्रम का आयोजन खिलाड़ी छात्राओं के लिये नये सत्र के आरंभ में किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता क्रीड़ा समिति के संयोजिका डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े ने की। उन्होनें कहा कि क्रीड़ा के क्षेत्र में बहुत अधिक संभावनाये हैं छात्रायें मेहनत करके अपना कॅरियर बना सकती हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि अन्य विषयों की तरह खिलाड़ी छात्राओं के लिये कॅरियर गाईडेंस प्रोग्राम का आयोजन होना चाहिए ताकि खिलाड़ियों को समस्त जानकारी प्राप्त हो सके।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. ऋचा ठाकुर ने छात्राओं को अपनी प्रोफाईल कैसे बनाये एवं प्रमाण–पत्रों का संधारण कैसे करें ताकि अच्छी प्रस्तुति हो सके।

कार्यक्रम में क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने बताया कि शारीरिक शिक्षा विषय के क्षेत्र में स्नातक के बाद क्या करना चाहिये ताकि उसे कॅरियर के रूप में अपना सके। डॉ. दुबे ने बताया कि बी.पी.एड., डिप्लोमा, योगा कोर्स, स्पोर्ट्स मैनेजमेन्ट कोर्स, ऐरोबिक जूम्बा, प्राकृतिक चिकित्सा, जिम ट्रेनर, फिजियोथैरेपी कोर्स किये जा सकते है। यह कोर्स किन–किन विश्वद्यालय में संचालित है एवं फीस की जानकारी दी गई।

शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में क्रीड़ाधिकारी कैसे बन सकते है। बी.पी.एड. प्रवेश परीक्षा शारीरिक दक्षता की तैयारी कैसे करें विस्तृत रूप से बताया गया। खिलाड़ियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ाधिकारी ने किया तथा आभार प्रदर्शन क्रिकेट खिलाड़ी गरिमा जंघेल ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति//

# गर्ल्स कॉलेज में क्रीड़ा विभाग द्वारा कॅरियर गाईडेंस कार्यक्रम






**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 18.11.2022

**// प्रेस विज्ञप्ति //**

# गर्ल्स कॉलेज में व्याख्यान
# मानसिक स्वास्थ्य भी आवश्यक – डॉ. अभिलाषा तिवारी झा

शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग के तत्वाधान में मूड डिसऑर्डर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता भिलाई नायर समाजम् महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अभिलाषा तिवारी झा थी।

उन्होनें अपने उद्बोधन में मानसिक समस्या मूड डिसऑर्डर के अनेक प्रकारों का विस्तार से वर्णन किया। इन मानसिक समस्याओं को किस प्रकार से मनोवैज्ञानिक उपचार के द्वारा ठीक किया जा सकता है इस संबंध में प्रकाश डाला। इस अवसर पर मनोविज्ञान विभाग की छात्राओं ने मुड स्विंग पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी भी लगायी।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें शारीरिक स्वास्थ्य के साथ–साथ मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना चाहिये। बेवजह का तनाव हमारे शरीर को नुकसान ही नहीं पहुँचाता बल्कि उसके दुष्परिणाम लम्बे समय तक बने रहते हैं।

कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने भी मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण की चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को स्वस्थ मन के साथ अध्ययन करने की सलाह दी।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन कु. संगीता माया ने किया। इस अवसर पर डॉ. अल्का दुग्गल एवं बड़ी संख्या छात्रायें उपस्थित थी।




समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)